## 1. भर्ती की पात्रता एवं शर्ते

**1. शीघ्रलेखक ग्रेड-तीन (हिन्दी) (मैट्रिक्स लेवल-07, वेतनमान 28700- 91300)**

**शैक्षणिक योग्यता-**

I. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण तथा;

II. मान्यता प्राप्त शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड से हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण।

III. कम्प्यूटर में हिन्दी मुद्रलेखन का ज्ञान होना चाहिए ।

IV. कम्प्यूटर एप्लीकेशन के उपयोग की जानकारी होनी चाहिए ।

V. यह अपेक्षित है कि अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ी (बोली) / स्थानीय भाषा (बोली) का ज्ञान होना चाहिए ।

**सहायक ग्रेड-तीन संवर्ग (मैट्रिक्स लेवल-04, वेतन मान- 19500- 62000)**

**शैक्षणिक योग्यता-**

I. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक तथा;

II. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा कोर्स तथा;

III. कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रजी मुद्रलेखन का ज्ञान ।

IV. यह अपेक्षित है कि अभ्यर्थी को छत्तीसगढी (बोली) / स्थानीय भाषा (बोली) का ज्ञान होना चाहिए ।

**वाहन चालक (मैट्रिक्स लेवल-04, वेतन मान- 19500- 62000)**

**शैक्षणिक योग्यता-**

I. किसी भी राज्य शासन के किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्था से कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण होना चाहिए

II. परिवहन/कामर्शियल वाहन चालक की वैध अनुज्ञप्ति (लाईसेंस) धारण करता हो तथा सभी प्रकार के वाहन चलाने का अनुभव होना चाहिए , वाहन मैकनिकों को प्रथमिकता दी जावेगी

III. स्वस्थ्य होना चाहिए

IV. यह अपेक्षित है कि अभ्यर्थी को छत्तीसगढी (बोली) / स्थानीय भाषा (बोली) का ज्ञान होना चाहिए ।

**टिप्पणी -** उच्च योग्यता वाले अभ्यर्थी जो कि किसी अन्य शासकीय विभाग में तदर्थ अथवा अस्थाई अथवा नियमित वाहन चालक के रुप में सेवा दे रहे हो, इससे संबंधित दस्तावेज जमा करने पर उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जावेगी ।

## 2. चयन प्रक्रिया

**1. शीघ्रलेखक/सहायक ग्रेड-तीनः-**

शीघ्रलेखक ग्रेड-तीन (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड-तीन के पद हेतु चयन, लिखित परीक्षा तथा कौशल परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। परीक्षा दो चरणों में आयोजित होगी-

**प्रथम चरणः-** लिखित परीक्षा

**द्वितीय चरणः-** कौशल परीक्षा

**प्रथम चरण - लिखित परीक्षाः-**

I. लिखित परीक्षा में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होगें। उक्त प्रश्न सामान्य मानसिक योग्यता, सामान्य ज्ञान, समसामयिक एव कम्प्यूटर आदि विषयों से संबंधित होगें। उक्त परीक्षा की अवधि कुल 01 घंटे की होगी, प्रत्येक प्रश्न के 01 अंक होगें, जिसमें कोई ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Mark) नहीं होगा। प्राप्त अंको के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार किया जावेगा, किन्तु प्रारंभिक परीक्षा में अर्जित अंक अंतिम चयन हेतु आयोजित कौशल परीक्षा के अंक में नहीं जोड़े जायेंगे।

II. लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में 1:10 के अनुपात में अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण में कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा, अंतिम समान अंक के सभी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिये बुलाया जायेगा चाहे उसकी संख्या 1:10 से अधिक हो ।

**टीपः-** <u>यदि एक ही अभ्यर्थी द्वारा शीघ्रलेखक ग्रेड-तीन (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड-तीन संवर्ग के पद हेतु पृथक पृथक आवेदन प्रस्तुत किया गया हो, तो एक ही प्रारंभिक परीक्षा आयोजित किये जाने के कारण उक्त अभ्यर्थी द्वारा उक्त प्रारंभिक परीक्षा में अर्जित किये गये, अंक आवेदित सभी पद हेतु विचार में लिये जायेगें ।</u>

**द्वितीय चरण- कौशल परीक्षा (शीघ्रलेखक ग्रेड-तीन )**

कुल अंक- 100

विवरण निम्नानुसार है-

| परीक्षा का विवरण | समय | अंक |
|---|---|---|
| श्रुतलेख (250 शब्द) | 02 मिनट 30 सेकण्ड | 50 अंक |
| हिन्दी कम्प्युटर टायपिंग (250 शब्द) | 10 मिनट | 50 अंक |

श्रुतलेख 100 शब्द प्रति मिनट की गति से 02 मिनट 30 सेकंड का दिया जायेगा जिसे लिखने के पश्चात् उसी श्रुतलेख को 10 मिनट में हिन्दी में कम्प्यूटर में टाईप करना होगा ।

हिन्दी टायपिंग परीक्षा **उबंटू (Ubuntu)/ लिनक्स (Linux) ऑपरेटिंग सिस्टम में यूनिकोड टायपिंग में** आयोजित की जायेगी। प्रत्येक शब्द की गलती (श्रुतलेख एवं टायपिंग दोनों पर) 1/2-1/2 अंक की कटौती की जायेगी ।

श्रुतलेख एवं कम्प्यूटर टायपिंग में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट सूची एवं प्रतिक्षा सूची तैयार की जायेगी। मैरिट सूची में दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त किये जाने की स्थिति में अधिक आयु वाला अभ्यर्थी चयन हेतु पात्र होगा । यदि अभ्यर्थियों की आयु भी समान हो तो उनके द्वारा लिखित परीक्षा में अर्जित अंक इस हेतु मापदण्ड होगा ।

**द्वितीय चरण- कौशल परीक्षा (सहायक ग्रेड-तीन संवर्ग )**

कुल अंक- 100

विवरण निम्नानुसार है-

| परीक्षा का विवरण | समय | अंक |
|---|---|---|
| हिन्दी कम्प्युटर टायपिंग (250 शब्द) | 10 मिनट | 50 अंक |
| अंग्रेजी कम्प्युटर टायपिंग (250 शब्द) | 10 मिनट | 50 अंक |

टायपिंग परीक्षा **उबंटू (Ubuntu)/ लिनक्स (Linux) ऑपरेटिंग सिस्टम में यूनिकोड टायपिंग** में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक शब्द की गलती पर 1/2 अंक की कटौती की जायेगी। कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट सूची एवं प्रतिक्षा सूची तैयार की जायेगी। मैरिट सूची में दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त किये जाने की स्थिति में अधिक आयु वाला अभ्यर्थी चयन हेतु पात्र होगा । यदि अभ्यर्थियों की आयु भी समान हो तो उनके द्वारा लिखित परीक्षा में अर्जित अंक इस हेतु मापदण्ड होगा ।

**2. वाहन चालक**

वाहन चालक के पद हेतु 50 अंक की कौशल परीक्षा/साक्षात्कार आयोजित की जावेगी, जिसमें अभ्यर्थियों को शारीरिक क्षमता, बौद्धिक क्षमता, आज्ञाकारिता एवं कार्य कुशलता के साथ कार्य अनुभव इत्यादि बिन्दुओं पर परखा जावेगा।

रिक्त पदों की संख्या से 20 गुना तक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर सभी उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा / साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा, किन्तु रिक्त पदों की संख्या से 20 गुना से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर वाहन चालक हेतु कक्षा आठवीं की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार कर रिक्त पदों के 20 गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। कक्षा 8 वीं में मेरिट के आधार पर अंतिम प्राप्तांक के सभी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा चाहे यह संख्या आवेदित पद के 20 गुना से अधिक हो।

अर्ह पाये गये/घोषित किये गये अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची प्रायोगिक परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर तैयार किया जावेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं तो अभ्यर्थी को जन्मतिथि अनुसार पहले जन्मे अभ्यर्थी को ऊपर रखा जाएगा।